web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 23 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-28

# 2013-2018 के बीच 18,400 से ज्यादा लोगों ने गंवाई ट्रेन हादसों में जान



मुंबई (आरएनएस)। सूचना का अधिकार के जरिए पता चला है कि मुंबई में ट्रेन संबंधी हादसों में जनवरी 2013 से अगस्त 2018 के बीच 18,423 लोगों की मौत हुई है जबकि ऐसी घटनाओं में 18,847 लोग घायल हुए हैं। आरटीआई ऐक्टिविस्ट शकील अहमद द्वारा मांगी गई जानकारी पर मुंबई रेलवे पुलिस के कार्यालय द्वारा बताया गया कि ये घटनाएं यात्रियों के ट्रेन से गिरने, खंभों से लड़ने, रेलवे ट्रैक पार करते वक्त या ट्रेन की छत पर चढ़ने की वजह से हुई हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि 3,506 लोगों की मौत वर्ष 2013 में हुई जबकि 2014 में यह संख्या 3,423 पहुंच गई। 2015 में मरने वालों की संख्या 3,304 थी, 2016 में 3,202 लोग ऐसी दुर्घटनाओं में मारे गए। वर्ष 2017 में 3,014 और इस वर्ष यानी 2018 में शुरुआती 8 महीनों में यह संख्या 1,974 रही।

### दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के किए प्रयास

इन आंकड़ों पर वेस्टर्न रेलवे के चीफ पीआरओ रवींद्र भास्कर ने कहा, हमने कई तरीकों से, जैसे कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के जरिए इन आंकड़ों को नीचे लाने का प्रयास किया है। यही नहीं, फेंसिंग कराकर, जहां ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं वहां पर हवाई सर्वेक्षण और यात्रियों की काउंसलिंग कराकर दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने का प्रयास किया है।

### आरटीआई ऐक्टिविस्ट बोले-...ऐसे घटेंगे आंकड़े

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इन आंकड़ों में वे भी शामिल हैं, जिन्होंने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की। आरटीआई ऐक्टिविस्ट अहमद का कहना है कि रेलवे को और कारगर कदम उठाने चाहिए ताकि ट्रैक पर होने वाली मौतों को रोका जा सके। उन्होंने कहा, इन मामलों में रेलवे बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेशों को नहीं मानती।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### करोड़ों रुपये की संपत्ति छोड़कर भाई-बहन बनेंगे संन्यासी

सूरत (आरएनएस)। करोड़ों रुपये की संपत्ति त्यागकर गुजरात के भाई-बहन संन्यासी बनने जा रहे हैं। 9 दिसंबर को सूरत में आयोजित दीक्षा समारोह में यश वोरा (20) दीक्षा लेने के बाद साधु बनेंगे तो उनकी बहन आयुषी वोरा (22) संन्यासिन बन जाएंगी। यश और आयुषी दोनों गुजरात के एक कपड़ा व्यवसायी के बच्चे हैं। दोनों ने इंटर की पढ़ाई के बाद धार्मिक पढ़ाई के लिए पूज्य आचार्य भगवान यशोवरम सुरिश्रवर महाराज को जॉइन कर लिया था। चार साल पहले दोनों ने दीक्षा लेकर संन्यास धारण करने का फैसला लिया था।

### 20 साल के युवक संग फरार 50 साल की महिला

**फेसबुक पर दोस्ती**

मोदीनगर/गाजियाबाद (आरएनएस)। मोदीनगर थानाक्षेत्र में 50 वर्षीय महिला के युवक के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला की दोस्ती फेसबुक पर मेरठ के रहने वाले 20 साल के युवक से हुई थी। महिला के एक बेटे की शादी भी हो चुकी है। महिला के पति ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल को सर्विलांस पर लगा दिया है।

### 5 लाख का इनामी नक्सली गुडन यादव गिरफ्तार

पलामू। इनामी नक्सली गिरफ्तार, 5 लाख का इनामी नक्सली गुडन यादव गिरफ्तार, पुलिस ने चैनपुर से हथियार के साथ किया गिरफ्तार, JJMP संगठन का एरिया कमांडर है गुडन यादव।

### कन्हैया कुमार ने भाजपा पर लगाया आरोप, कहा की मुझे हिन्दू विरोधी घोषित करने में लगी है भाजपा

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय दिल्ली के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार आजकल चर्चा में है। कन्हैया स्टूडेंट्स और युवाओ के बीच अपने ओजपूर्ण भाषण के लिए जाने जाते है। कन्हैया अब बेगुसराय सीट से सांसद का चुनाव लड़ने वाले है जो की उनका गृह जिला भी है। कन्हैया ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा मुझे हिन्दू विरोधी घोषित करने में लगी हुई है।

### बालोदः तेज रफ्तार हाइवा ने दो स्कूली बच्चों को रौंदा, मौत

बालोद। जिले के गुंडरदेही में तेज रफ्तार हाइवा ने दो स्कूली बच्चों को रौंद दिया। हादसे से एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे बच्चे ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाइवा चालक फरार होने की फिरक में था, लेकिन गांव वालों ने उसे रोककर बेरहमी से पीटा। बहरहाल सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस शव पीएम के लिए भेज कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गुंडरदेही स्थित सुमन स्कूल में पढने वाले मनस्वी और जयंत रोजना की तरह आज भी स्कूल जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान ग्राम खुंटेरी के पास पिछे से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे से मनस्वी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जयंत ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया।




# राम जन्मभूमि की तरफ बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, तनाव का माहौल

## अयोध्या में तोगड़िया, अलर्ट पर प्रशासन

अयोध्या (आरएनएस)। राम मंदिर निर्माण की मांग को लेकर अयोध्या पहुंचे अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (एएचपी) के प्रमुख प्रवीण तोगड़िया ने प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

सोमवार को जहां तोगड़िया जिला प्रशासन से बिना अनुमति लिए सरयू तट पर सभा करने पहुंच गए थे, वहीं मंगलवार को रामकोट परिक्रमा और सरयू तट पर संकल्प सभा की तैयारी को देखते हुए अयोध्या में हाई अलर्ट है। हालांकि बाद में प्रशासन के मान मनौवल के बाद तोगड़िया ने रामकोट की परिक्रमा का प्रोग्राम रद्द कर दिया।



दरअसल, प्रशासन से अब तोगड़िया सरयू तट पर संकल्प सभा करने जा रहे हैं। इस बीच जबरन राम जन्मभूमि की तरफ जा रहे तोगड़िया समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई है। इस झड़प में एएचपी के कई कार्यकर्ता घायल भी हुए हैं।

टकराव की आशंका को देखते हुए अयोध्या में खास सतर्कता बरती जा रही है। सोमवार से ही तोगड़िया के हर कदम पर प्रशासन की विशेष निगाह बनी हुई है। मंगलवार सुबह अचानक बड़ी संख्या में एएचपी कार्यकर्ता रामकोट परिक्रमा के लिए आगे बढ़ने लगे।

बताया जा रहा है कि अयोध्या की तरफ जाने वाले एक बैरियर को धकेलकर समर्थक जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हो गई। फिलहाल इसे लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। जिले के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं।

# सीमा पर तनाव के बीच भारत-पाकिस्तान में डीजीएमओ स्तर की बातचीत आज

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान सीमा पर जारी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा। इन हालातों के बीच मंगलवार को दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की वार्ता होगी। फोन पर होने वाली इस वार्ता में भारत की तरफ से ब्रिगेडियर स्तर के डिप्टी डीजीएमओ बाचतीत करेंगे। बताया जा रहा है कि भारत एलओसी के पास सुंदरबनी सेक्टर में की आतंकियों द्वारा गई घुसपैठ का मुद्दा उठाएगा।



बता दें कि रविवार को राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर पेट्रोलिंग कर रही सेना की टुकड़ी पर पाकिस्तान की ओर से आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हुए थे। हालांकि इससे पहले की ये बैट टीम भारतीय सैनिकों के शवों के साथ कोई बर्बरतापूर्ण कारवाई कर पाती भारत की दूसरी पैट्रोलिंग टीम ने जवाबी कारवाई करते हुए पाकिस्तानी टीम के दो आतंकियों को ढेर कर दिया। जवाबी कारवाई में 4-5 आतंकी वापस पाकिस्तान की सीमा में भाग खड़े हुए थे। दूसरी ओर सीमा पर जारी तनाव के बीच आज गृहमंत्री राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। गृहमंत्री राजनाथ सिंह सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। एक दिवसीय दौरे में सिंह राज्यपाल सत्य पाल मलिक और सिविल, पुलिस तथा सुरक्षाबलों के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करेंगे तथा मौजूदा स्थिति का आकलन करेंगे। गृह मंत्री जम्मू कश्मीर में खासतौर से घाटी और पाकिस्तान के साथ लगती सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे।

## राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को जम्मू एवं कश्मीर में पूर्ण सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए श्रीनगर पहुंचे। वह यहां उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के अलावा कुछ राजनीतिक प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे।

## ऑपरेशन थिअटर में डॉक्टरों ने काटा मरीज का पैर, कुत्ता लेकर भागा

पटन (आरएनएस)। बिहार के बक्सर के एक अस्पताल में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां के सदर अस्पताल में भर्ती ट्रेन हादसे में घायल हुए युवक का कटा पैर लेकर कुत्ता भाग गया। अस्पताल स्टाफ के सामने हुई इस घटना के बाद कुत्ते की काफी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। उधर, घायल शख्स ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



जीआरपी ने रविवार शाम को बक्सर के सदर अस्पताल में आरा के रहने वाले रामनाथ मिश्रा को भर्ती करवाया गया था। बक्सर रेलवे स्टेशन पर श्रमीजीवी एक्सप्रेस पर चढ़ने के दौरान वह फिसलकर घायल हो गए थे। हादसे में उनका एक हाथ और एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा। डॉक्टर जब इलाज में लगे थे, तभी अस्पताल में घूम रहा एक कुत्ता वहां पहुंचा और कटा पैर ऑपरेशन थिअटर से लेकर भाग गया। घटना के बाद अस्पताल के स्टाफ ने कुत्ते को काफी तलाशा पर वह नहीं मिला।

इस मामले में सिविल सर्जन ने मामले की जानकारी न होने का हवाला देकर बात को टाल दिया। सिविल सर्जन ने बाद में कहा कि अगर ऐसी कोई घटना हुई है तो मामले की जांच करवाने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना सामने आने के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है।

# ट्रंप के दामाद ने सऊदी क्राउन प्रिंस को खशोगी मामले में दी खास सलाह

न्यू यॉर्क (आरएनएस)। सीनियर अडवाइजर और अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दामाद जरेद कुशनर ने कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को सलाह दी है कि सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में पारदर्शी ढंग से पूरी जांच हो। कुशनर को क्राउन प्रिंस का बहुत करीबी माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर पूरे विश्व की नजर है और पत्रकार की मौत वाकई एक गंभीर स्थिति है।



कुशनर ने एक न्यूज चैनल से बातचीत की और कहा, पूरा विश्व देख रहा है... यह बहुत गंभीर आरोप है। इस गंभीर स्थिति में आपको पूरी तरह से पारदर्शी रहना है और इस मामले में बहुत संजीदगी दिखानी है। कुशनर वाइट हाउस के अडवाइजर भी हैं, उन्होंने इस बात पर गौर किया कि खशोगी की हत्या के मामले में ट्रंप प्रशासन अभी तक तथ्य तलाशने के चरण में है।

बता दें कि इससे पहले सऊदी अरब के विदेश मंत्री अदेल-अल-जुबेर ने इस बात को स्वीकार किया था कि सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या बड़ी गलती है। एक न्यूज चैनल से बातचीत करते हुए अल-जुबेर ने कहा, जिन लोगों ने भी ऐसा किया है। उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल किया है। यकीनन यह एक भारी भूल हुई है। इस पर पर्दा डालते हुए और भी बड़ी गलती की गई है। किसी भी सरकार में यह स्वीकार्य नहीं है।

# 13 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

## सबरीमाला पर सुप्रीम आदेश को चुनौती

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह सबरीमाला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति संबंधी उसके फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 13 नवंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति एस . के . कौल की पीठ ने वकील मैथ्यूज जे नेदुम्पारा से कहा कि उसने याचिकाओं को 13 नवंबर को सूचीबद्ध करने के संबंध में पहले ही आदेश पारित कर दिया है।

इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि मामले में नेशनल अयप्पा डिवोटीज एसोसिएशन और अन्य द्वारा दायर की गई 19 पुनर्विचार याचिकाएं लंबित हैं जिनमें उसके फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 4:1 के अनुपात से दिए गए अपने फैसले में कहा था कि केरल के सबरीमला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी जाए।

शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद भी सबरीमाला मंदिर में 10-50 वर्ष की महिलाओं को प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश नहीं करने दिया था। कुछ महिलाओं ने मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की थी लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उन्हें लौटने पर मजबूर कर दिया था। बीजेपी ने भी सबरीमाला मंदिर में 10-50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश का विरोध किया था।

# 'हिमालयी वियाग्रा' को जलवायु परिवर्तन से खतराः शोधकर्ता

वॉशिंगटन (आरएनएस)। सोने से भी ज्यादा कीमती और एशिया में 'हिमालयी वियाग्रा' के नाम से पहचाना जाने वाला 'कैटरपिलर फंगस' (एक विशिष्ट तरह के पहाड़ी कीड़े पर उगने वाला फफूंद) जलवायु परिवर्तन के कारण मिलना मुश्किल हो गया है। शोधकर्ताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन और नेपाल में मुश्किल से मिलने वाले इस फफूंद 'यार्चागुंबा' को लेकर विवाद में कई लोग मारे जा चुके हैं।

### नपुसंकता से लेकर कैंसर...

उत्तराखंड में इसे कीड़ा जड़ी के नाम से जाना जाता है। जो लोग यार्चागुंबा को चाय बनाने के लिए पानी में उबालते हैं या सूप में डालते हैं, उनका मानना है कि यह नपुंसकता से लेकर कैंसर तक के इलाज में कारगर है। हालांकि वैज्ञानिक तौर पर इसके फायदे साबित नहीं हुए हैं। प्रोसडिंग्स ऑफ द नैशनल अकैडमी ऑफ साइंसेज में एक रिपोर्ट में बताया गया है, 'यह दुनिया की सबसे कीमती जैविक वस्तु है जो इसे एकत्रित करने वाले हजारों लोगों के लिए आय का अहम स्रोत है।'

### लोकप्रियता बढ़ी तो दाम चढ़े

शोधकर्ताओं का कहना है कि हाल के दशकों में, इस कीड़े की लोकप्रियता बढ़ गई है और इसके दाम आसमान छूने लगे हैं। बीजिंग में इसके दाम सोने की कीमत से तीन गुना ज्यादा तक पहुंच जाते हैं। कई लोगों को संदेह है कि अत्यधिक मात्रा में इस फफूंद को एकत्र करने से इसकी कमी हो गई होगी लेकिन शोधकर्ताओं ने इसकी वजह जानने के लिए इसे एकत्र करने वालों और व्यापारियों का साक्षात्कार किया। उन्होंने पहले प्रकाशित वैज्ञानिक शोध का भी अध्ययन किया।

# आज 6 घंटे के लिए बंद रहेगा मुम्बई एयरपोर्ट

**नहीं उड़ेगी कोई फ्लाइट**

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई एयरपोर्ट पर रनवे की मरम्मत के चलते मंगलवार को कई फ्लाइट्स में बदलाव किए गए हैं. मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस का काम किया जाएगा. इस दौरान फ्लाइट्स उड़ान नहीं भर सकेंगी. छह घंटे तक चलने वाले मेंटेनेंस के कारण कुछ फ्लाइटों का शेड्यूल बदला गया है.

बता दें कि इस दौरान फ्लाइट से यात्रा करने वाले यात्रियों को कुछ परेशानी हो सकती है. हालांकि शाम को 5 बजे के बाद सभी उड़ानें निश्चित समय पर होंगी.

इस संबंध में एयरपोर्ट की ओर से पहले से ही जानकारी दी जा चुकी है.

# जापान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, सूनामी का खतरा नहीं

तोक्यो (आरएनएस)। जापान के ओकिनावा प्रांत में मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, मौसम विभाग ने सुनामी को लेकर कोई चेतावनी नहीं दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 30 किलोमीटर की गहराई में 24.0 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 122.6 डिग्री पूर्वी देशांतर में रहा। जेएमए ने कहा है कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

भूकंप के कारण योनागुनिजिमा के आसपास किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें कि हाल के दिनों में जापान में काफी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले इंडोनेशिया में आए विनाशकारी भूकंप के कारण 1500 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी और हजारों अभी भी लापता हैं।